प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 25.12.2025 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्रीय कोयला मंत्री जी किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से की मुलाकात, कोयला और खनन क्षेत्र की बेहतरी को लेकर हुई सकारात्मक चर्चा।

2. प्रबंधन संस्थानों में नामांकन के लिए होनेवाली कैट परीक्षा का रिजल्ट जारी, रांची के अभिषेक कुमार सिंह को मिले निन्यानबे दशमलव छह पांच परसेंटाइल।

3. पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज देशभर में मनाया जा रहा है सुशासन दिवस, प्रदेश भाजपा का राज्यभर में अटल स्मृति सम्मेलन आज से होगा शुरू।

4. 50वीं सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता को लेकर अरुणाचल प्रदेश, असम, त्रिपुरा, मेघालय और सिक्किम की टीम पहुंची रांची, 27 दिसंबर को होगा उद्घाटन।

5. राज्यभर में प्रभु यीशु के जन्मदिवस पर धूमधाम से मनाया जा रहा है क्रिसमस का त्यौहार, राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने दी बधाई।

********************

केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी. किशन रेड्डी ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आवासीय कार्यालय में औपचारिक मुलाकात की। इस मौके पर राज्य सरकार तथा कोल मंत्रालय एवं कोल इंडिया की अनुषंगी इकाइयों के अधिकारियों के बीच कोयला एवं खनन क्षेत्र की बेहतरी को लेकर सकारात्मक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि झरिया मास्टर प्लान तथा बेलगड़िया टाउनशिप परियोजना एक महत्वपूर्ण पहल है, इन परियोजनाओं के तहत विस्थापित परिवारों को सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन प्रदान किया जा सकेगा।

********************

केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि कुछ राजनीतिक दल, विशेषकर कांग्रेस, अरावली पहाड़ियों पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के संबंध में गलत सूचना फैला रही हैं।

********************

झारखंड विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्रनाथ महतो ने जामताड़ा के नाला प्रखंड में जिलास्तरीय किसान मेला सह उद्यान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने बेहतर कृषि उत्पाद का प्रदर्शन करने वाले किसानों को पुरस्कृत किया।

********************

केंद्र द्वारा प्रायोजित प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, आयुष्मान भारत आकस्मिक दुर्घटनाओं मे भी लोगों के जीवन की रक्षा कर रहा है। इस योजना ने रामगढ़ की सोनी परवीन की भी जान बचाई है। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता

********************

प्रबंधन संस्थानों में नामांकन के लिए होनेवाली कैट परीक्षा –कॉमन एडमिशन टेस्ट का रिजल्ट जारी कर दिया गया है। इसमें झारखंड के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की है। रांची के अभिषेक कुमार सिंह ने निन्यानबे दशमलव छह पांच परसेंटाइल प्राप्त किया है वही ज्ञानेश सिंह को अन्ठानबे दशमलव सात , परिधि अग्रवाल को अन्ठानबे दशमलव तीन दो, साक्षी आनंद को अन्ठानबे दशमलव एक पांच समेत कई अभ्यर्थियों ने सफलता हासिल की है।

********************

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर आज देशभर में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इस दिन का मुख्य उद्देश्य नागरिकों के बीच सरकार की जवाबदेही, पारदर्शिता और कुशल प्रशासन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी को नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन सुशासन और राष्ट्र निर्माण को समर्पित कर दिया।

********************

पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर प्रदेश भाजपा की ओर से आज सभी जिला कार्यालयों में वाजपेयी के व्यक्तित्व पर चित्र प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। साथ ही आज से 31 दिसंबर तक सभी विधानसभा क्षेत्रों में अटल स्मृति सम्मेलन का भी आयोजन किया जाएगा।

********************

राजधानी रांची समेत राज्य के 12 जिलों में आज और कल शीतलहर की चेतावनी जारी की गई है। पिछले 24 घंटे के दौरान गुमला का न्यूनतम पारा तीन दशमल नौ डिग्री जबकि रांची के कांके का न्यूनतम तापमान 4 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। मौसम विभाग ने रांची सहित पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, लातेहार, लोहरदगा, गुमला, रामगढ़, हजारीबाग और बोकारो में शीतलहर और कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है।

********************

जामताड़ा के कायस्तपाड़ा मोड़ के समीप अपराधियों ने एक ज्वेलरी दुकान में लूटपाट की। इस दौरान अपराधियों ने दुकानदार को गोली मारकर जख्मी कर दिया और फरार हो गए। जिले के एसपी राजकुमार मेहता ने कहा कि अपराधियों को जल्द गिरफ्तार किया जाएगा।

********************

दुमका जिले के शिकारीपाड़ा थाना क्षेत्र से लगभग दो हजार सीएफटी अवैध बालू को प्रशासन ने जब्त किया है।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले के कपाली थाना क्षेत्र मे अपराधी विजय तिर्की की गोली मारकर हत्या कर दी गई। चांडिल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

********************

गोड्डा के मेहरमा थाना क्षेत्र में धान लदा ट्रैक्टर के पलट जाने से उस पर सवार दो नाबालिग मजदूरों की मौत हो गई।

********************

रांची लोकसभा क्षेत्र में सांसद खेल महोत्सव 2025 का समापन आज पिस्का मोड़ स्थित ओटीसी मैदान में होगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबोधन से होगी। इस महोत्सव में कबड्डी, फुटबॉल फाइनल, पारंपरिक खेल जैसे पिट्ठू, गुल्ली डंडा, रस्साकशी, सैक रेस के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे। इस दौरान विजेताओं को मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा।

********************

50 वीं सब जूनियर और जूनियर राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता का आयोजन रांची में 27 से 30 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, सिक्किम और त्रिपुरा की टीमें रांची पहुंच चुकी हैं।

********************

प्रभु यीशु के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आज क्रिसमस का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। राजधानी रांची समेत राज्यभर के  गिरजा घरों में विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन किया गया। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार औऱ मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्यवासियों को क्रिसमस की बधाई दी।

********************

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने क्रिसमस और पेसा से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

प्रभात खबर ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के हवाले से लिखा है—पूर्वजों ने जो सपना देखा था उसे पूरा कर दिखाया।

दैनिक भास्कर ने क्रिसमस की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

हिन्दुस्तान ने चांदी की दर में बढ़ोतरी की खबर को पहले पन्ने पर जगह दी है।

दैनिक जागरण ने अरावली रेंज की खबर को पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

********************